राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

जयपुर के 292 वें स्थापना दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 18 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर के 292 वें स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि जयपुर शहर की बसावट अनूठी स्थापत्य कला का सुन्दर उदाहरण है। यहां पर ऐतिहासिक किले, इमारत, महल और मंदिर गौरवाशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विश्व में गुलाबी नगर के नाम से मशहूर जयपुर में विकास तेजी से हो रहा है। लोगों को इस शहर को स्मार्ट सिटी बनाने में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल